भारत सरकार
रेल मंत्रालय

राज्य सभा
07.02.2025 के
अतारांकित प्रश्न सं. 600 का उत्तर

बरकाकाना और हजारीबाग रेलवे लाइन को बड़े और छोटे शहरों से जोड़ना

600. श्री खीरू महतो:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या इस बात को ध्यान में रखते हुए कि रामगढ़ क्षेत्र खनिजों से संबंधित है, बरकाकाना और हजारीबाग रेलवे लाइन को देश के बड़े और छोटे शहरों से जोड़ने की कोई योजना है;
(ख) यदि हां, तो यह योजना कब तक प्रारंभ हो जाएगी; और
(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं और तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (ग): वर्तमान में रामगढ़ कैंट स्टेशन पर इस समय 8 जोड़ी रेल सेवाओं द्वारा सेवा मुहैया कराई जा रही है। इसी प्रकार, बरकाकाना-हजारीबाग टाउन क्षेत्र में 05 जोड़ी रेल गाड़ियों द्वारा सेवा प्रदान की जा रही हैं, जिनमें 22349/22350 पटना-रांची वंदे भारत एक्सप्रेस (28.06.2023 से) और 22357/22358 लोकमान्य तिलक (टर्मिनल)-गया एक्सप्रेस (23.10.2024 से) शामिल हैं, जो मुंबई, रांची, पटना, गया आदि जैसे महत्वपूर्ण गंतव्यों के लिए सीधी संपर्कता मुहैया करती हैं। इसके अलावा, भारतीय रेल पर परिचालनिक व्यवहार्यता, यातायात औचित्य, संसाधनों की उपलब्धता आदि के अध्यधीन गाड़ी सेवाओं की शुरुआत करना सतत् प्रक्रिया है।

*****

SK